भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1131
गुरुवार, दिनांक 08 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं

1131. श्री गणेश सिंहः
डॉ. रामशंकर कठेरिया: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय किए हैं कि केवल कम स्थानीय निर्भरता और पारिस्थितिकीय महत्व वाली भूमि को ही बड़े पैमाने की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए परिवर्तित किया जाए;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई नियंत्रण और संतुलन प्रणाली अपनाई है ताकि ऐसी परियोजनाओं को आस-पास के समुदायों और पर्यावरण के लिए न्यूनतम कीमत पर कार्यान्वित किया जाए; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ): भूमि राज्य का विषय है। अधिकतर अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं का कार्यान्वयन निजी निवेशों द्वारा किया जाता है तथा संबंधित परियोजना डेवलपरों द्वारा राज्य सरकार की नीति के अनुसार भूमि का अधिग्रहण किया जाता है।

*****